आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, रविवार 19 जनवरी 2025

वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# रहस्यमयी बीमारी ने ली 16 लोगों की जान



## 38 लोगों में पाए गए लक्षण; प्रशासन हाई अलर्ट पर

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जम्मू और कश्मीर के राजौरी में बधाल गांव में एक रहस्यमय बीमारी ने दहशत पैदा कर दी है। दिसंबर 2024 की शुरुआत से इस बीमारी से 16 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 38 प्रभावित व्यक्ति बताए गए हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों और पीजीआईएमईआर चंडीगढ़, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) जैसे संगठनों के व्यापक प्रयासों के बावजूद बीमारी का कारण अज्ञात बना हुआ है। शनिवार को बधाल गांव की एक महिला को रहस्यमय बीमारी के लक्षण दिखने के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में भर्ती कराया गया था।

**अधिकारी हाई अलर्ट पर कर रहे काम :** राजौरी जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस मौतों की जांच करने और प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए समन्वय में काम कर रहे हैं और अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। इस प्रकोप ने मुख्य रूप से गांव के तीन परस्पर जुड़े परिवारों को प्रभावित किया है।

बीमारी के कारणों के बारे में ठोस जानकारी के अभाव में लक्षित उपायों को लागू करने के प्रयासों में बाधा आ रही है, जिससे स्थानीय अधिकारियों को और अधिक हताहतों से बचने के लिए समय के साथ अपनी जांच और निवारक कार्रवाई तेज करनी पड़ रही है। वहां मौजूद मेडिकल टीम भी रहस्यमयी बीमारी की अराजक स्थिति का निरीक्षण कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। रहस्यमय बीमारी के कारण होने वाली बीमारियों और मौतों की रिपोर्ट 8-10 दिनों के भीतर उपलब्ध होगी। 4 वार्डों में चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है, और घर-घर जाकर परामर्श और निगरानी जारी है।

ICMR ने नमूने एकत्र किए हैं, और हम दैनिक नमूने ले रहे हैं। डॉक्टर 24/7 उपलब्ध हैं, और 7 दिसंबर से गांव की निगरानी जारी है। टीम के एक अन्य सदस्य ने कहा कि बाल चिकित्सा के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक परीक्षण किए गए हैं। बीमारी के लक्षण और प्रगति को देखा गया है। बीमार बच्चों की हालत 2-3 दिनों के भीतर तेजी से बिगड़ती है, जिससे कोमा हो जाता है और अंततः वेंटिलेशन के बावजूद मृत्यु हो जाती है।

उल्लेखनीय रूप से, ये घटनाएं तीन विशिष्ट परिवारों तक ही सीमित हैं, जो गैर-संक्रामक कारण का सुझाव देती हैं। इसलिए, आम जनता को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। स्थिति लगातार विकसित हो रही है, सभी संबंधित विभाग बीमारी की उत्पत्ति की पहचान करने और स्थानीय आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बीमारी को पकड़ने में चूक हुई, एसआईटी के बजाय सीबीआई से जांच करवाएं-सुकेश

सामाजिक कार्यकर्ता सुकेश सी खजूरिया ने कहा कि बड्डाल मामले में पीड़ितों की बीमारी को पूरी तरह से पकड़ने में चूक हुई है। अगर सरकारमान रही है कि किसी वायरस से नहीं, बल्कि न्यूरोटॉक्सिन मौत का कारण लग रहा है, तो उन्हें बताना चाहिए कि हमने अस्पतालों में पीड़ितों के न्यूरोटॉक्सिन के बेहतर उपचार के लिए क्या व्यवस्थाएं कीं। जब मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा था तो हमें देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में पीड़ितों को भेजने में प्राथमिकता देनी चाहिए थी, जिससे शायद परिणाम अलग होते। उन्होंने संविधान के अधिनियम 21 का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी मौतों पर सरकार की प्राथमिकता लोगों की जान बचाना होता है, लेकिन इसके लिए सभी उचित उपाय नहीं किए गए। अगर स्वास्थ्य विभाग को मौतों पर कोई आपराधिक एंगल लग रहा है तो एसआईटी के बजाय इसकी सीबीआई जांच करवाई जानी चाहिए, ताकि असलियत को सामने लाया जा सके।



## किसानों की मांगों पर बातचीत के लिए केंद्र की टीम खनौरी बॉर्डर पहुंची, अपनी शर्तों पर अड़े नेता

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** किसानों की मांगों पर चर्चा करने के लिए केंद्र सरकार की टीम खनौरी बॉर्डर पर पहुंची। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) सिद्धूपुर के नेता काका सिंह कोटड़ा और अभिमन्यु कोहाड़ की उपस्थिति में टीम ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की। केंद्र सरकार की टीम किसान नेताओं के पास सरकार का प्रस्ताव लेकर पहुंची है। पिछले एक घंटे से केंद्र के अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच बैठक जारी है। इस बैठक में किसानों की मांगों पर विचार-विमर्श हो रहा है, जिसमें आंदोलनरत किसानों की मुख्य मांगें शामिल हैं।



## जालंधर पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा की बनी Fake ID, ठग ने लोगों को भेजे मैसेज




**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नाम पर साइबर ठगी की जा रही है। ठगों ने सीपी स्वप्न शर्मा की फेक आईडी बनाकर लोगों से सोशल मीडिया पर पैसे मांग रहे हैं। जैसे ही इसका पता पुलिस प्रशासन को चला तो हड़कंप मच गया और इस मामले पर कार्रवाई शुरू कर दी।

**मैसेज भेजकर मांग रहा था पैसे :** दरअसल साइबर अपराधियों ने पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा के नाम पर फेसबुक पर आईडी बनाई है। जिसमें उनकी फोटो और कवर फोटो भी लगाई है। ठग उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को मैसेज भेजकर पैसे की मांग कर रहे हैं। जब पुलिस को इस घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत इस एक्शन लिया।

**सीपी ने भी कहा- उनकी फेक आईडी बनी है :** वहीं पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने भी इस मामले पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उक्त आईडी फेक है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी उनके नाम पर साइबर अपराधियों ने आईडी बनाई थी और लोगों को मैसेज भेजकर अपना शिकार बनाने की कोशिश कर रहे थे।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# पेट्रोल पंप मैनेजर को गोलियां मारने के मामले में तीनों आरोपी काबू

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मैनेजर सागर पर फिल्मी स्टाइल में गोलियां मारने के मामले पुलिस ने सख्ती कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को होशियारपुर से और 2 आरोपियों को शिमला से गिरफ्तार किया है।

इस मामले में पुलिस जल्द प्रेस वार्ता के जरिये खुलासा कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक आज सुबह 4 बजे इन लुटेरों को शिमला से गिरफ्तार किया गया है और इन्हें अब जालंधर लाया जा रहा है। सूत्रों ने चौंकाने वाला खुलासा करते बताया कि यह सभी लुटेरे अभी नए-नए इन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और उनकी उम्र 20 से 22 साल तक है। सूत्रों ने यह भी बताया कि अभी तक इन पर कोई भी मामला दर्ज नहीं है और यह सभी हथियार सोशल मीडिया से खरीदते थे।



पुलिस अब इन आरोपियों से पूछताछ कर सोशल मीडिया के जरिए हथियार मंगवाने के बारे में भी पता लगाएगी। बता दें कि आरोपियों ने कठपाल पंप के मैनेजर 36 वर्षीय सागर का पीछा करना शुरू कर दिया था। जिसके बाद दाना मंडी के पास सागर की बाइक स्लिप कर गई और वह गिर गया। इस दौरान लुटेरों ने सागर से बैग छीन लिया और सागर पर दो से तीन गोलियां चलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस दौरान लूट के मामले की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई थी।

सीसीटीवी वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि पीड़ित व्यक्ति पीठ पर बैग टांग कर अपनी बाइक पर सवार हो कर जा रहा था इतने में पीछे से आए बाइक सवार तीन युवकों जब उसका बैग लूटने की कोशिश की तो वह आपस में टकरा गए और और गिर गए।

गिरने के बाद बाइक पर पीछे बैठे लुटेरे ने पिस्तौल निकाल कर उसको धमकाना शुरू कर दिया। इस दौरान पीड़ित घबरा गया और आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। जिसके बाद लुटेरे फायरिंग करने के बाद बैग लूट कर फरार हो गए थे। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल सागर को उपचार के लिए जौहल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उसका उपचार चल रहा है।

# अब जालंधर में ट्रैफिक नियमों की नहीं चलेगी अनदेखी

## अब पुलिस को देख UTurn मारने का भी नहीं होगा फायदा

### पुलिस के ना मौजूद होने पर भी आप पर रहेगी नजर

### ज़रा सी लापरवाही और चालान पहुंच जाएगा आपके घर

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** तो जालंधर वालों, अब हो जाइए तैयार 26 जनवरी से आपके शहर में ट्रैफिक के नियमों को हाईटेक तरीके से लागू किया जा रहा है। जी हां, अब ट्रैफिक नियम तोड़ना पड़ेगा महंगा, क्योंकि जालंधर में शुरू हो रही है ऑनलाइन चालान की नई व्यवस्था। शहर के ट्रैफिक सिग्नल्स पर हाई-रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। ये कैमरे 24 घंटे एक्टिव रहेंगे और हर ट्रैफिक उल्लंघन को रिकॉर्ड करेंगे। खास बात ये है कि जालंधर में इसके लिए एक कंट्रोल रूम भी तैयार किया गया है, जहां ट्रैफिक पुलिसकर्मी लगातार कैमरे मॉनिटर करेंगे। और अगर किसी ने हेलमेट नहीं पहना, रेड लाइट क्रॉस की या सीट बेल्ट नहीं लगाई - तो वहीं से चालान कटेगा और आपके घर पर डाक से पहुंच जाएगा।बिल्कुल! दोपहिया वालों के लिए हेलमेट और चारपहिया वालों के लिए सीट बेल्ट पूरी तरह अनिवार्य कर दिया गया है इस सब के चलते यह भी सवाल उठ रहा है कि ये सब कैसे मैनेज होगा? ट्रैफिक पुलिस को इसके क्यो खास ट्रेनिंग दी गई है।

कैमरों को मॉनिटर करना, चालान जनरेट करना और नियमों का सही से पालन करवाना पुलिस कैसे मैनेज करेगी ।जालंधर के साथ साथ फिलहाल ये व्यवस्था अमृतसर, मोहाली और लुधियाना में भी शुरू हो रही है। और अगर ये सफल रही, तो पूरे पंजाब में इसे लागू किया जा सकता है।

अब देखना ये है कि पुलिस बल इस नई टेक्नोलॉजी को कितनी बेहतर तरीके से संभाल पाता है और क्या वाकई इससे ट्रैफिक में सुधार होगा? तो बस, अब नियमों का पालन कीजिए, नहीं तो चालान कटना तय है ।



# लुधियाना में पुलिस टीम पर हथियारबंद लोगों ने किया हमला, एसएचओ समेत चार घायल

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** लुधियाना के गांव कमालपुर में शुक्रवार रात पुलिस की टीम पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में थाना सदर के एसएचओ सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस की टीम वहां कार लूटने वाले आरोपित को गिरफ्तार करने गई थी। घायल पुलिसकर्मियों को सिविल अस्पताल लेकर जाया गया है।



**घायल एस.एच.ओ सीएमसी अस्पताल में भर्ती, चेहरे पर लगी गंभीर चोट :** अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद एस .एच.ओ हर्षवीर को सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके चेहरे पर गंभीर चोट आई है। वहीं, चौकी मराडो इंचार्ज सब इंस्पेक्टर तरसेम बराड़ के हाथ में चोट लगी है। जानकारी के अनुसार, गांव कमालपुर में जैसे ही पुलिस आरोपित को गिरफ्तार करने पहुंची, आरोपित के किसी साथी ने पुलिस टीम को देख लिया और उसने 12 हथियारबंद साथियों को बुलाकर पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। पुलिस टीम पर हमले की सूचना मिलने पर कई वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल मे पहुंचे, जिन्होंने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने के आदेश दिए।

**हमलावरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा : पुलिस :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,पुलिस ने हमलावरों में से एक युवक को तेजधार हथियारों सहित हिरासत में लिया है जबकि अन्य आरोपितों के ठिकानों पर छापामारी जारी है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि हमला करने वालों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**इससे पहले भी हुआ था हमला :** इससे पहले भी साल जुलाई 2024 में लुधियाना में चौकी पर हमला किया गया था। शिंगार सिनेमा के पास पुलिस चौकी धर्मपुरा पर रात 12:30 बजे करीब दो सौ से ढाई सौ लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था।

भीड़ ने चौकी इंचार्ज, मुंशी व कांस्टेबल को पीटा और फिर उनकी वर्दी भी फाड़ दी थी। इतना ही नहीं भीड़ ने सामान भी तोड़ दिया था। थाना डिवीजन नंबर तीन की पुलिस ने वहां पहुंचकर मामला शांत कराया था। एसीपी (सेंट्रल) आकृति जैन ने कहा था कि आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

**बदमाशों ने एक्टिवा सवार से की थी स्नैचिंग :** इस मामले में चौकी इंचार्ज जसविंदर सिंह ने बताया था कि न्यू हरगोबिंद नगर में बाइक सवार बदमाशों ने एक्टिवा सवार से स्नैचिंग की थी। उन्होंने बाइक बरामद कर ली थी, लेकिन स्नैचर फरार हो गए थे।

स्नैचरों को पकड़ने के लिए नाका लगाया था। एक्टिवा पर पिता-पुत्र सरबजीत सिंह और हरसिदक तेज रफ्तार से आ रहे थे। रोकने पर दोनों ने खुद को पत्रकार बताया व बदतमीजी कर गालियां देने लगे। वे उन्हें चौकी ले आए। दोनों बैठकर बात करने लगे तो हरसिदक भाग गया। कुछ देर बाद उसने करीब 200-250 लोगों की भीड़ के साथ चौकी पर हमला कर दिया।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# पंजाब में जालंधर समेत इन जिलों में कोहरे को लेकर अलर्ट

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। कोहरे के साथ-साथ कई इलाकों में मौसम विभाग की तरफ से शीतलहर की चेतावनी भी जारी की गई है। 48 घंटे के शुष्क मौसम के बाद बीते दिन धूप निकली। जिस वजह से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली और लोगों को ठंड से राहत मिली। राज्य में तापमान अभी भी 20 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

## इन इलाकों में कोहरे का अलर्ट

मौसम विभाग के कोहरे के चलते पंजाब के 10 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, पटियाला और मलेरकोटला में कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य सभी जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।



## इन जिलों में शीतलहर का अलर्ट

वहीं मानसा और बरनाला में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट लागू है। इसके साथ ही रूपनगर, बठिंडा, मोगा, मुक्तसर साहिब, फरीदकोट, फाजिल्का, फिरोजपुर, नवांशहर, होशियारपुर में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

18 जनवरी से राज्य में वेस्टर्न डिस्टरबैंस एक्टिव हो गया है।

## बारिश की आशंका

पंजाब के कुछ इलाकों में 21 और 22 जनवरी को बारिश होने की संभावना है। एक जनवरी से अब तक पंजाब में सामान्य बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी से अब तक औसतन 9.2 मिमी बारिश हुई है। पंजाब में अब तक 8.3 डिग्री बारिश हुई है, जो सामान्य से 9 फीसदी कम है।

# कपूरथला पुलिस को फ्रफर्स्ट ईयर के स्टूडेंट से मिला यह सामान, पुलिस के भी उड़े होश

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** कपूरथला पुलिस ने फ्र फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट को उसके साथी के साथ आधा किलो हेरोइन की खेप समेत गिरफ्तार किया है। पकड़े दोनों गए आरोपियों से हेरोइन के अलावा एक पिस्टल 7.65 एमएम और 5 कारतूस और एक बाइक भी बरामद की गई है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

## पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ा

एसपी डी सरबजीत राय ने बताया कि पुलिस टीम लिंक रोड गांव भौर के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आते दिखाई दिए, जोकि पुलिस को देखकर पीछे मुड़ने लगे। पुलिस टीम ने पीछा करके उन्हें दबोच लिया। दोनों ने पूछताछ में अपना नाम नवदीप सिंह उर्फ जोबन और जसकरण सिंह उर्फ करण बताया। पुलिस को तलाशी दौरान दोनों से 250-250 ग्राम हेरोइन, एक देसी पिस्टल 7.65 एमएम, पांच कारतूस और बाइक बरामद हुआ।

## एक फर्स्ट ईयर और दूसरा 11वीं का स्टूडेंट

एसपी ने बताया कि जोबन गुरु नानक कॉलेज फिरोजपुर का बीए फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है और हाईफाई लाइफ स्टाइल के लिए नशे के धंधे में उतर आया। जबकि करण बारहवीं पास है और खेती करता है।

इनके बैकग्राउंड की जांच की जा रही है। सुल्तानपुर लोधी की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की प्रबल संभावना है।



# भारत-बांग्लादेश की सीमा पर झड़प, BSF ने दागे आंसू गैस के गोले

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से सटे बांग्लादेश की सुखदेवपुर सीमा पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। जहां बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत की ओर घुसपैठ की कोशिश की गई। जिसके बाद सुखदेवपुर के निवासियों ने बांग्लादेशी नागरिकों का पीछा किया। तभी दूसरी तरफ से पत्थर फेंके जाने लगे। बेकाबू हुइ स्थिति को देखते हुए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे।



दरअसल, पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करने के कई प्रयास हुए हैं। इससे पहले, भारतीय सीमा निवासियों द्वारा पीछा किये जाने के बाद बांग्लादेशी नागरिक भाग गये थे, लेकिन शनिवार को उन लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की। सुखदेवपुर सीमा पर डेढ़ किलोमीटर तक कोई फेंसिंग नहीं है। जब भी बीएसएफ ने कंटीले तार लगाने की कोशिश की, बीजीबी ने उसे रोक दिया था। दूसरी ओर जमीन में सुरंगें भी खोदी जाती देखी गईं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बांग्लादेशी नागरिक इस तरफ आकर फसल काट ले गए है। बता दें कि शुक्रवार रात से सीमा पर तनाव जारी है। तभी स्थानीय निवासियों ने इसे रोक दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे। दूसरी ओर के निवासी पीछा करते हुए भाग गए। इससे पहले, बीजीबी ने सीमा पर कंटीले तार लगाने का बार-बार विरोध किया था। दूसरी ओर, बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शनिवार सुबह लगभग 11:45 बजे 119वीं वाहिनी की सीमाचौकी सुखदेवपुर के भारत- बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय और बांग्लादेशी किसानों के बीच एक मामूली कहासुनी के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यह घटना उस समय हुई जब कुछ भारतीय किसान, सामान्य दिनों की तरह अपने अन्तरराष्ट्रीय सीमा के पास खेतों में काम करने के उद्देश्य से आगे गए हुए थे। इसी दौरान भारतीय किसानों ने सीमापार खेतों में काम कर रहे बांग्लादेशी किसानों पर फसल चोरी करने का आरोप लगाया, जिस वजह से दोनों देशों के किसानों के बीच आपसी बहस शुरू हो गई। घटना ने तूल तब पकड़ा, जब दोनों पक्षों के किसान बड़ी संख्या में एकत्र होने लगे और एक दूसरे पक्ष की तरफ गाली-गलौच व पत्थरबाजी करने लगे।

काफी बड़े भाग में तारबंदी के न होने से भारतीय किसानों को भी आगे जाने में रुकावट का सामना नहीं करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएफ और बीजीबी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर अपने-अपने देश के किसानों को तितर-बितर करते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया और उनको वापस लौटाया।

# जालंधर में 10 हथियारबंद लोगों ने घर में घुसकर चलाई गोलियां, परिवार को बंधक बनाकर दिया घटना को अंजाम

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर में जमीनी विवाद को लेकर गोलियां चलने की घटना सामने आई है। इस घटना को लेकर परिवार वाले और गांव निवासियों में दहशत का माहौल पाया जा रहा है। हालांकि घटना के 6 घंटे बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियारों के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित बलदेव सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे वह और उसका पूरा परिवार घर पर थे, तभी 10 से ज्यादा हथियारबंद लोग उनके घर में घुस आए और उसे धमकी देनी शुरू कर दी। जब वह उनसे इस तरह जबरदस्ती घर में घुसने की बात कर रहा था तो उनमें से 2 लोगों ने उसके घर के अंदर 5 से 6 गोलियां चला दीं। गोलियों की आवाज सुनकर पूरे गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया। उन्होंने आगे बताया कि बंदूक के बल पर उन्होंने महिलाओं और उनके बच्चों सहित पूरे परिवार को एक कमरे में ले जाकर बंधक बना लिया और उन्हें डराते-धमकाते हुए एक कोरे कागज पर अंगूठे लगवा लिए और उक्त कागज पर हस्ताक्षर भी करा लिए। हथियारबंद हमलावर आधे घंटे से अधिक समय तक घर में घूमते रहे और सारा सामान खंगालते रहे। घर के अंदर उन्हें जो भी दस्तावेज मिले, परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल फोन के साथ-साथ वह अपना ट्रैक्टर और हल भी अपने साथ ले गए। कुछ हमलावर घर के बाहर हथियार लेकर खड़े हो गए ताकि गांव वासी हमारी मदद के लिए आगे न आ सकें। हमलावरों के जाने के बाद गांव वालों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। डरे सहमे परिवार के सदस्यों ने उन्हें बताया कि उन्होंने केवल बलजीत, हैरी और बिल्ला को देखा था। परिवार का कहना है कि अगर अन्य हथियारबंद लोग सामने आएंगे तो वह उनको पहचान सकते है। सूचना मिलने के बाद इंस्पेक्टर संजीव कपूर ने महज 6 घंटे में फायरिंग करने वाले 7 से 8 हमलावरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।



# जालंधर में पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी, दुकानदार के सामान को तेज रफ्तार गाड़ी से कुचला

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर में एक पुलिसकर्मी ने दुकान के बाहर खड़ी बाइक और सामान पर तेज रफ्तार गाड़ी चढ़ा दी। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी का इससे भी दिल नहीं भरा तो उसने दुकान पर हमला कर सामान के तोड़-फोड़ करनी शुरू कर दी। जब दुकानदार ने इसकी शिकायत पुलिस को दी तो पुलिसकर्मी ने अगले दिन उस पर हमला करवा दिया। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।



## तेज रफ्तार से बाइक और सामान कुचला

पटेल नगर में दुकान चलाने वाले मनोज सामल ने बताया कि वह वीरवार देर शाम दुकान में बैठा था। इसी दौरान तेज रफ्तार गाड़ी ने दुकान के बाहर खड़ी बाइक और सामान को कुचल दिया। जिसमें उसका 30 हजार रुपए का नुकसान हो गया। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे धमकियां दे कर चला गया।

## शिकायत करने पर पिटवाया

उन्होंने आगे बताया कि जब इसकी शिकायत पुलिस को दी तो वह गुस्से में आ गया। गुस्से में पुलिसकर्मी ने शुक्रवार सुबह उसकी दुकान पर हमला करवाया और मारपीट की। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया और पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। साथ ही दुकान का सामान तोड़ दिया।

# भारत में नहीं रिलीज होगी दिलजीत की पंजाब 95, सेंसर बोर्ड ने 120 कट्स लगाने की मांग की थी







**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पंजाबी सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांझ अब अपनी नई फिल्म 'पंजाब-95' को लेकर चर्चा में हैं। ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट जसवंत सिंह खालड़ा के ऊपर बनी यह फिल्म अब भारत में रिलीज नहीं होगी। क्योंकि सेंसर बोर्ड ने फिल्म के निर्माताओं को कुछ सीन पर कट लगाने को कहा था। फिल्म निर्माताओं ने यह कट नहीं लगाए, जिस वजह से भारत में इस फिल्म को नहीं दिखाया जाएगा। यूट्यूब पर फिल्म का टीज़र भी हटा दिया गया है।

**बोर्ड ने 120 कट्स लगाने की थी मांग**

दरअसल फिल्म को सर्टिफिकेट देने वाली संस्था सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में 120 कट्स लगाने की मांग की थी।

लेकिन फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर ने ऐसा करने से इंकार कर दिया। वहीं जसवंत खालड़ा के परिवार भी ऐसा करने के लिए तैयार नहीं हुए। जिसकी वजह से भारत में यह फिल्म नहीं रिलीज की जाएगी।

**दिलजीत ने लिखा- फुल मूवी, नो कट्स**

वहीं दिलजीत ने फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है।

जिसमें उन्होंने लिखा कि फुल मूवी, नो कट्स। दिलजीत की पोस्ट से साफ जाहिर होता है कि फिल्म बिना के ही विदेशों में रिलीज होगी। यह फिल्म 7 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया, यूके, कनाडा और अमेरिका में रिलीज होगी।

## कौन है जसवंत सिंह खालड़ा

दरअसल जसवंत सिंह खालड़ा ने 1980 और 1990 के दौरान पंजाब में सिखों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने खुलासा किया था कि उस दौर में हजारों सिख युवाओं को अवैध हिरासत में लिया गया और फर्जी मुठभेड़ों में मार दिया गया। साथ ही जसवंत ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया था कि मुठभेड़ में मारे गए सिख युवाओं के शवों का गुप्त अंतिम संस्कार कर दिया गया था। जिसके बाद भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खूब आलोचना हुई थी।

# श्री माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के जरूरी खबर, रेलवे ने जम्मू तवी समेत ये ट्रेनें की रद्द




**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** अगर आप भी ट्रेन से श्री माता वैष्णो देवी जाने का प्लान बना रहे हैं तो यह खबर आपके लिए काफी अहम है। क्योंकि जालंधर और जम्मू के बीच पटरियों के मुरम्मत का काम चल रहा है। जिस वजह से रेलवे ने 90 ट्रेने प्रभावित हुई हैं, जिसमें से 65 ट्रेनें रद्द हैं। 19 ट्रेनों को अगले कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया है। वहीं, 6 ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है।

**जम्मू तवी समेत यह ट्रेनें रद्द** -रेलवे अधिकारियों के मुताबिक जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनमें पटना से जम्मू तवी, इंदौर से शहीद तुषार महाजन, तिरुपति से जम्मू तवी, जम्मू तवी से सियालदह, बांद्रा टर्मिनस से जम्मू तवी और हजूर साहिब नांदेड़ से जम्मू तवी शामिल हैं।

इन ट्रेनों को किया गया रिशेड्यूल धनबाद से जम्मू तवी स्पेशल ट्रेन को 18, 21, 25 और 28 जनवरी के लिए रिशेड्यूल किया गया है। इनमें अमृतसर से कटिहार एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस, हावड़ा अमृतसर मेल, गोल्डन टेम्पल मेल, अमृतसर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस, संबलपुर एक्सप्रेस और पठानकोट दिल्ली एक्सप्रेस शामिल हैं।

ये चल रही हैं ट्रेनें

- मुंबई बांद्रा टर्मिनस से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आने वाली 12472/12473 स्वराज एक्सप्रेस अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।
- नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आने वाली सुपरफास्ट ट्रेन 22477/22478 वंदे भारत एक्सप्रेस अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।
- नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आने वाली 12445/12446 उत्तर संपर्क क्रांति अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।
- नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आने वाली 12425/12426 जम्मू तवी राजधानी एक्सप्रेस अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।
- नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आने वाली 22461/22462 श्री शक्ति एक्सप्रेस अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।
- सुबेदारगंज से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आने वाली 14033/14034 जम्मू मेल अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।
- अंबेडकर नगर से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आने वाली 12919/12920 मालवा एक्सप्रेस अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।
- पुणे से जम्मू तवी आने वाली 11077/11078 झेलम एक्सप्रेस अभी भी अपने निर्धारित समय पर चल रही है।



# जालंधर के पाश इलाके में महिला की चेन लूटी, एक्टिवा पर भागे दो लुटेरे

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** जालंधर के पाश इलाके गुरु गोबिंद सिंह नगर में महिला के साथ स्नैचिंग की वारदात हुई है। फगवाड़ा गेट मार्केट एसोसिएशन से बलजीत सिंह आहलूवालिया ने बताया कि गुरू गोबिंद सिंह नगर में दोपहर को गुरु अमरदास पब्लिक स्कूल के साथ वाली गली में घर में पाठ था।

जब लोग घर से बाहर निकल रहे थे तो एक्टिवा पर आए दो लड़के स्नैचिंग करके फरार हो गए। एक्टिवा की नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। इलाका निवासियों में वारदात के बाद रोष है। घटना की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। महिला दो बच्चों के साथ जा रही थी इसी दौरान एक एक्टिवा सवार पीछे उतर गया। दूसरे ने आगे जाकर एक्टिवा रोक ली और जो पीछे उतरा था उसने महिला की चेन खींची और दोनों फरार हो गए।

# होशियारपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सवारियों से भरी बस को मारी जोरदार टक्कर, हादसे में 6 लोग जख्मी

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** होशियारपुर के चब्बेवाल के पास सुबह-सुबह ट्रैक्टर और बस के बीच जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में 6 बस सवारियां जख्मी हो गई हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जबकि बस भी आगे से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया जा रहा है कि हादसा ट्रैक्टर चला रहे व्यक्ति की वजह से हुआ है।

## सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

घटना के चश्मदीद व्यक्ति ने बताया कि ईंटों से लदा ट्रैक्टर काफी तेज स्पीड में सामने से आ रहा था। ट्रैक्टर की सिर्फ एक ही लाइट ऑन थी। जिसके बाद उसने तेज रफ्तार से उसने बस को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बस में बैठे 5 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## ट्रैक्टर चालक मौके से फरार

इस हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है और ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच कर वह आगे की कार्रवाई कर रही है।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# 'ऐसा कैंसर जो अब पाकिस्तान को खुद खा रहा है', पड़ोसी देश पर क्यों भड़के विदेश मंत्री जयशंकर?

**जालंधर (अंशु कपूर) :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पड़ोसी देश पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देता है। मगर आतंकवाद का यह कैंसर उसे ही खाने लगा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने शनिवार को 19वें नानी ए. पालकीवाला मेमोरियल लेक्चर के दौरान यह बात कही। पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों पर उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी।

**पड़ोसियों की मदद करता है भारत :** विदेश मंत्री ने बांग्लादेश, म्यांमार और श्रीलंका के साथ भारत के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संकट, महामारी और आर्थिक मंदी के वक्त भारत ने अपने पड़ोसियों की मदद की। 2023 में श्रीलंका को भारत ने 4 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का पैकेज दिया। यह ऐसे वक्त में किया गया था जब दुनिया ने श्रीलंका से मुंह मोड़ लिया था।

**बांग्लादेश का किया जिक्र :** विदेश मंत्री जयशंकर ने यह भी कहा कि वास्तविकता है कि राजनीतिक घटनाक्रम जटिल परिस्थितियों को जन्म दे सकते हैं। जैसा कि हम वर्तमान में बांग्लादेश में देख रहे हैं। पाकिस्तान के बारे में उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के मामले में पाकिस्तान हमारे पड़ोस में अपवाद बना है। यह कैंसर अब उसकी अपनी राजनीतिक संरचना को खा रहा है।



### म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ पुराने संबंध

विदेश मंत्री ने म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ भारत के संबंधों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत के दोनों समाजों के साथ लंबे समय से रिश्ते हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जो हमसे अधिक करीब हैं, उनके हित भी अन्य दूर के देशों से काफी अलग हैं।

### बदली परिस्थितियों में कैसे उत्थान करे भारत

बाजार के साधनों और वित्तीय संस्थानों के हथियारीकरण की वजह से दुनिया के सामने आने वाली चुनौती पर जयशंकर ने कहा कि भारत के सामने चुनौती ऐसी परिस्थितियों में अपना उत्थान करना है। भारत को अपने घरेलू विकास और आधुनिकीकरण में तेजी लानी होगी। इसके अलावा बाहरी जोखिम को भी सीमित करना होगा।

### तकनीकी विकास पर देना होगा ध्यान

जयशंकर ने कहा कि विनिर्माण, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा पर अधिक ध्यान देना होगा। ऐसी गहरी ताकत का निर्माण करना होगा, जो हमें अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी। देश को अहम तकनीकी के विकास में भी पीछे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत भले ही गैर-पश्चिम हो लेकिन इसके रणनीतिक हित यह सुनिश्चित करते हैं कि यह पश्चिम विरोधी नहीं है।



## आई 10 कार लूटने के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, लुधियाना पुलिस के साथ वारदात को किया ट्रेस


**जालंधर (पंकज शर्मा) :** बठिंडा के थाना दियालपुरा एरिया से पिछले दिनों आई 10 कार लूटने वाले एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार वारदात को अंजाम देने वालों ने पहले एक मोटरसाइकिल भी लूटा था, उसके बाद कार को लूट कर ले गए थे।

आरोपियों के तार लुधियाना और मुक्तसर से जुड़े हैं। हालांकि अभी किसी भी पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्र बताते हैं लुधियाना और बठिंडा पुलिस ने इनपुट सांझा करके वारदात को ट्रेस किया है। पुलिस ने लूटी हुई आई 10 कार को भी बरामद कर लिया है। पुलिस के बड़े अधिकारी जल्द मामले का खुलासा करेंगे।

## पुलिस पार्टी पर हमला : गांव कमालपुर में निहंगों ने पुलिस कर्मियों को मारी तलवारें, कई घायल; कार लूट का मामला

**जालंधर (जसप्रीत सिंह) :** जगरांव में शुक्रवार देर रात गांव कमालपुर में कुछ निहंग सिंहों ने लुधियाना पुलिस पार्टी पर तलवारों से हमला कर दिया। इस हमले में थाना सदर के एसएचओ समेत कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने एक निहंग सिंह को काबू कर लिया जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में एक एसएचओ की आंख के पास छोटी तलवार लगी है जबकि चौकी इंचार्ज की उंगलियों पर तलवार लगी है।

जानकारी के मुताबिक लुधियाना थाना सदर के इलाके में करीब तीन दिन पहले निहंगों की वेशभूषा में आए तीन लुटेरों ने एक व्यक्ति से आल्टो कार हथियारों के बल पर छीन ली थी। इसी मामले में शुक्रवार देर रात एसएचओ हर्षवीर वीर और मराडो पुलिस चौकी इंचार्ज तरसेम गांव कमालपुर में बदमाशों को ढूंढने के लिए गए थे। पुलिस टीम को देख कर एक युवक ने शोर मचा दिया। इस बीच कुछ अन्य निहंगों ने भी पुलिस टीम पर धावा बोल दिया। हमले में थाना सदर के एसएचओ हर्षवीर व चौकी मराडो के इंचार्ज तरसेम बराड़ सहित



दो अन्य पुलिस कर्मियों को भी चोटें आईं। जिन्हें सिविल अस्पताल में लाया गया। एसएचओ हर्षवीर सिंह के चेहरे पर तेजधार हथियार से कट लगा है जिसका वह सीएमसी अस्पताल से उपचार करवा रहे हैं। वहीं सूत्रों के अनुसार पुलिस ने हमलावरों में से एक युवक को तेजधार हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस की टीम सिविल अस्पताल में से मेडिकल करवा आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी करने में जुट गई है। पुलिस चौकी मराडो के इंचार्ज तरसेम ने कहा कि एक व्यक्ति को काबू कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। घायल पुलिस कर्मचारियों ने भी अपना मेडिकल सिविल अस्पताल में करवा लिया है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने हमला होते देख गोली भी चलाई थी जिसको लेकर अभी पुलिस कुछ बताने से इंकार कर रही है।

# पंजाब में पुष्पा की एंट्री: होशियारपुर में खैर की चोरी, पंचायती जमीन से काटे पेड़, फिल्मी स्टाइल में तस्करी

**जालंधर (पवन कश्यप) :** लगता है पंजाब में भी पुष्पा की एंट्री हो चुकी है। क्योंकि पंजाब के होशियारपुर में खैर के पेड़ों की चोरी और तस्करी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। होशियारपुर के ब्लॉक तलवाड़ा के अधीन पड़ते कंडी के अंतर्गत सरकारी व गैर सरकारी वन क्षेत्र में खैर के पेड़ों की चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। खैर के पेड़ों की चोरी का ताजा मामला ग्राम पंचायत वरिंगली की में सामने आया है। यहां पंचायत की जमीन से पांच खैर के पेड़ काटे गए हैं। गांव वरिंगली के सरपंच विनोद कुमार ने बताया कि उनकी पंचायत की जमीन जो खड्डु स्वां दरिया के साथ लगती है। वहां से पांच खैर के पेड़ किसी ने काट कर चोरी कर लिए। सरपंच विनोद ने तुरंत खैर चोरी होने की लिखित शिकायत वन विभाग तलवाड़ा व ब्लॉक पंचायत अफसर को दी है। अभी तक खैर चोरी करने वाले आरोपी वन विभाग व पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

**क्षेत्र में हुई पेड़ चोरी होने की कई घटनाएं :** बता दें कि कंडी इलाके में पिछले काफी समय से कई ग्राम पंचायतों की सरकारी व गैर सरकारी भूमि से खैर के पेड़ चोरी होने की कई घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोग जब चोरी की शिकायत वन विभाग कार्यालय में देते हैं तो विभाग तुरंत डीडीआर काट देता है। अगर चोर पकड़ा जाए तो उससे जुर्माना वसूल कर मामला खत्म कर दिया जाता है। इसी तरह से स्थानीय पुलिस भी इन मामलों में कोई खास दिलचस्पी नहीं लेती।



**रात को पहुंचता है फैक्टरियों में चोरी का माल :** वहीं कंडी क्षेत्र में लकड़ी आरा फैक्टरी के लाइसेंस पर चल रही कत्था फैक्ट्रियां भी चर्चा का विषय बन गई हैं। पीड़ितों के अनुसार, क्षेत्र में लकड़ी माफिया का यह कारोबार राजनेताओं और स्थानीय प्रशासन की कथित मिलीभगत से चल रहा है। यह कारोबार देर रात के अंधेरे में अक्सर किया जाता है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# पटियाला में दर्दनाक सड़क हादसा, शादी से लौट रहे युवकों की कार दुर्घटनाग्रस्त; दो की मौत

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पटियाला के पातड़ा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है जबकि तीन युवक घायल हो गए हैं। सफेद रंग की वरना कार में पांचों युवक सवार थे।

हादसा देर रात दो बजे हुआ। गाड़ी में सवार पांचो युवक शादी समारोह से वापस आ रहे थे।

### हरियाणा के जाखल के रहनेवाले थे युवक

इस? गाड़ी में सवार पांचो युवक हरियाणा के जाखल निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में अंशुल गर्ग 23 साल और अतुल 27 साल की मौत हो गई है। ?वहीं घायलों की पहचान हिमांशु गोयल 28 साल, हर्ष जैन 28 साल, साहिल 27 साल के तौर पर हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार, पांचों युवक दोस्त थे और किसी जानकार की शादी में शामिल होने के लिए पातड़ां आए हुए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद देर रात यह लोग कार से वापस जा रहे थे। कार को साहिल चल रहा था। रात को धुंध अधिक होने की वजह से कार बेकाबू होकर गांव दुगाल स्थित सरकारी स्कूल के नजदीक एक डिवाइडर से टकराकर कई पलटिया खा गई।



इस हादसे के बारे में पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स के कांस्टेबल अरुण कुमार अनूप कुमार और सुखदीप सिंह मौके पर पहुंचे।

मृतकों के परिजनों के बयान पर हो रही है आगे की कार्रवाई- पुलिस

तीनों पुलिसकर्मियों ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर ने दो लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए अन्य तीनों को पटियाला के सरकारी राजिंदरा अस्पताल में भेजा।

यहां पटियाला के सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई में रेफर कर दिया है।

थाना सदर पातड़ां पुलिस इस मामले में मृतकों के परिजनों के बयानों पर अगली कार्रवाई कर रही है।

### इससे पहले भी हो चुके हैं सड़क हादसे

वहीं एक दूसरे सड़क हादसे में पटियाला में 2 नवंबर यानी शनिवार को एक कार सड़क किनारे छोड़े गए कटे पेड़ से टकरा गई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के दोनों एयरबैग खुलने पर भी उसमें सवार युवती की तुरंत मौत हो गई थी। कार का शीशा टूटकर उसकी गर्दन पर लगा जिससे उसका सिर धड़ से अलग हो गया था। एक निर्दोष युवती की इस मौत के लिए पटियाला के प्रशासन की लापरवाही जिम्मेदार है।

सरहिंद रोड को फोरलेन करने के लिए पिछले एक महीने से मार्ग पर पेड़ों की कटाई का काम चल रहा था। काटे गए पेड़ के बड़े-बड़े हिस्से तुरंत उठाए नहीं जा रहे। वे सड़क के किनारे ही छोड़ दिए गए हैं जो रात को दुर्घटनाओं की कारण बन रहे हैं। अंधेरे में यह टक्कर कितनी भीषण और जानलेवा हो सकती है, यह 22 वर्षीय युवती श्वेता निवासी पुराना बिशन नगर पटियाला की भयानक मौत से समझ आ जाना चाहिए।

12 अक्टूबर को सड़क किनारे पड़े कटे हुए पेड़ों के कारण देर से बचने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्रॉली के अचानक कट मारने से एक मारुति कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी।

### रास्तों पर नहीं है डायवर्जन के बोर्ड

इसके बावजूद सड़क पर न तो समय पर काटे गए पेड़ों को हटाया जा रहा है और न ही यहां डायवर्जन के समय वाहन मालिकों को चेतावनी देने के लिए किसी प्रकार के बोर्ड लगाए गए हैं।

# किसान आंदोलन के कारण नेशनल हाईवे बंद, गांव वाले वाहनों से कर रहे वसूली; सामने आया चौंकाने वाला मामला

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** शंभू बार्डर पर एक साल से भी अधिक समय से किसानों के धरना देने के कारण नेशनल हाईवे अवरुद्ध हो गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अब इन लोगों के आगे एक नई समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालकों से गांव के लोग टैक्स वसूल कर रहे हैं।

गांव वालों का कहना है कि यातायात का दबाव बढ़ने के कारण सड़कें टूट गई हैं। इनकी मरम्मत के लिए वाहनों से वसूली का प्रस्ताव पंचायत में पारित किया गया। पटियाला जिले में सनौर के गांव माड़ू का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें गांव के पुल से निकलने वाले वाहन चालकों से गांववाले 100 से 200 रुपये प्रति वाहन की पर्ची काटते दिखाई दे रहे हैं। जब वाहन चालक ने इसका विरोध किया और स्वयं को पटियाला जिले का निवासी बताया तो भी उसे बगैर पैसे जाने नहीं दिया गया। इस मामले में थाना जुलका पुलिस ने गांव के सरपंच सहित तीन ग्रामीणों को नामजद किया गया है।





### मामला सामने आने पर केस दर्ज, गांव के सरपंच नामजद

एसएसपी डॉ नानक सिंह ने कहा कि अवैध पर्ची काटने का मामला ध्यान में आने के बाद केस दर्ज किया गया है। इनमें गांव माड़ू के सरपंच बलजिंदर सिंह, हरमनप्रीत सिंह और हरविंदर सिंह को नामजद किया गया है जबकि तीन अज्ञात व्यक्तियों पर भी मामला दर्ज है। इस मामले में पंचायत व सरपंच की भूमिका की जांच की जा रही है।

### क्या कहते हैं गांव के सरपंच

गांव के सरपंच बलजिंदर सिंह ने बताया कि लगभग एक वर्ष से किसान धरना दे रहे हैं। इस कारण ट्रैफिक इस ओर डायवर्ट हो गया और सड़कें टूट गई हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई अन्य गांवों ने रास्ते भी बंद कर दिए हैं जिस कारण वाहन अब उनके गांव से गुजरने शुरू हो गए हैं।

उन्होंने बताया कि किसान नेता सरवण सिंह पंधेर से मुलाकात कर हाईवे खोलने की मांग की गई थी पर रास्ता नहीं खोला गया। इसके बाद गांववासियों की ओर से गांव से गुजरने वाले वाहनों पर पर्ची लगाने का सुझाव आया जिसके बाद पर्ची लगाने का निर्णय पंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया।




# मामूली विवाद बना खूनी : हल्की टक्कर के बाद कार चालक बना हैवान, बाइक सवार को तीन बार कुचलकर मार डाला

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** वाहनों में हल्की सी टक्कर होने के कारण विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि कार चालक ने बाइक सवार पर कार चढ़ा दी और तीन बार कुचल कर उसे मार डाला। वारदात भिंडीसैदा इलाके की है। मृतक का नाम गुरमुख सिंह है और वह गांव भिंडी नयन का रहने वाला था। सूचना मिलने के बाद थाना भिंडीसैदा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कार चालक प्रेमजीत सिंह निवासी गांव घोगा और उसके एक साथी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।




वहीं शव का पोस्टमार्टम करवा परिवार को सौंप दिया है। पुलिस शिकायत में भिंडी नयन गांव निवासी मेजर सिंह ने बताया कि वह अपने छोटे भाई गुरमुख सिंह, जरनैल सिंह और मनजिंदर सिंह के साथ दो बाइक पर मंगलवार को माघी मेला देखने गया था। रास्ते में लौटते समय गुरमुख सिंह अपनी बाइक पर सवार था और उसके पीछे मनजिंदर सिंह बैठा हुआ था।

गांव के पास ही आरोपियों ने अपनी कार का चालक सीट वाला दरवाजा खोल दिया। इस बीच बाइक पर सवार उसका भाई कार के खुले दरवाजे की चपेट में आ गया और सड़क पर गिर गया। इस दौरान प्रेमजीत उसके भाई से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इतने में कार में सवार उसका एक दोस्त भी बाहर निकल कर मारपीट करने लगा। जब सभी ने मिलकर आरोपियों को समझाया तो वह जान से मार देने की धमकियां देने लगे और मौके से चले गए। कुछ देर के बाद आरोपी दोबारा वापस आया और गुरमुख सिंह पर कार चढ़ा दी। उन्होंने किसी तरह अपना बचाव किया।

आरोपी ने तीन बार अपनी कार से गुरमुख सिंह को टक्कर मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में उन्होंने गुरमुख सिंह को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर हिमांशु भगत ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।